मांग संख्या 45

मुख्य शीर्ष 4702

मद कमांक 1

राज्य में बनियाटोला बैराज मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नहीं आने के कारण लघु सिंचाई योजनान्तर्गत योजना को सम्मिलित करते हुए निर्माण करने का निर्णय लिया गया है, जिस हेतु मध्यम परियोजना हेतु उपलब्ध राशि का सर्मपण कर लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत इस वर्ष रूपये 100.00 लाख का व्यय संभावित है ।

जिला राजनांदगांव के मोती नाला डायवर्सन के पिक-अप वियर को उंचा करते हुये बांयी तट नहर के निर्माण का निर्णय लिया गया है, जिस पर इस वर्ष रूपये 5.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 1,05,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।